हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही

हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,
ना जाने कितनी सांवरे हमको सत्ता रही,
हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,

ग्यारस का अब तो सांवरे करता हु इन्तजार,
तुमसे मिलन को सांवरे रहता हु बेकरार,
कब से निगाहे याद में आंसू बहा रही,
हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,

हटती न नजर आपसे ऐसे हो जादू गर,
इतना ही तो हम सोचते कुछ बोल दे हजूर,
अब ये जुदाई सांवरे हम को सत्ता रही,
हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,

काटे काटे न दिन प्रभु अब आप से मिले,
कब आपको प्रभु युही हम देखते रहे,
ये दूरियां प्रभु हमे अब तो जला रही,
हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,

इतनी अर्ज करे प्रभु बस सामने रहो,
चौकठ से अपनी सांवरे कभी दूर न करो,

इतनी ही निखिल आप से विनती अब रही,
हम को तुम्हारी सांवरे बड़ी याद आ रही,

Source: https://www.bharattemples.com/hum-tumhari-sanware-badi-yaad-aa-rahi/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw